केवल आंतरिक वितरण हेतु

# सृजन

अप्रैल, 2025

## संचालक मंडल की बैठक दिनांक 23.04.2025 को सम्पन्न

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम




फैडरेशन के संचालक मण्डल की बैठक 23 अप्रैल, .2025 को फैडरेशन कार्यालय में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतिम लेखों का अनुमोदन किया गया, वर्ष 2024–25 हेतु स्वीकृत बजट के विरूद्ध 31.3.2025 तक के आय–व्यय का अवलोकन करते हुए वर्ष 2025–26 के लिये बजट स्वीकृत किया गया। बैठक में फैडरेशन द्वारा दि राजस्थान स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक लि., जयपुर की सदस्यता ग्रहण करने तथा अरबन बैंकों द्वारा केन्द्रीय सहकारी बैंकों तथा शीर्ष सहकारी बैंक से बैंकिंग व्यवहार पुनः चालू करने का भी निर्णय लिया गया।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत सहकार–समृद्धि यात्रा माह अगस्त/सितंबर में कराने, सभी बैंकों के लिये एकसमान बैज/ब्रोंच/पिन का नमूना तैयार कर बैंकों द्वारा आवश्यकता के अनुरूप अपने स्तर पर तैयार करवाकर सदस्यों को वितरित करने, शाखाओं /प्रधान कार्यालय स्तर पर ग्राहक संगोष्ठिया आयोजित करने जैसे कई कार्यक्रमों पर सहमति रही।

सदस्य बैंकों द्वारा फैडरेशन को देय वार्षिक सदस्यता शुल्क की दरें पूर्वानुसार ही निर्धारित की गई। 22 अप्रेल को पहलगाम में हुई आतंकी घटना की भर्त्सना करते हुए बैंकों के प्रधान कार्यालय व शाखाओं पर इस बाबत बैनर लगवाने तथा 24 अप्रेल को लंच समय में शोक सभा आयोजित कर कायरतापूर्ण हमले की भर्त्सना करने का निर्णय लिया गया।

इस हमले में मृत आत्माओं की शांति के लिये श्रद्धांजलि सभा के साथ बैठक समाप्त की गई।

# अध्यक्षीय संदेश



31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में हुई प्रगति के आकड़े, जो बैंकों द्वारा प्रेषित किये गये हैं, उसके अनुसार कई बैंकों ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज कराई है जिसके लिये वे बधाई के पात्र हैं। राजस्थान के 34 बैंकों की समेकित स्थिति जो उभर कर सामने आ ही है, उसके अनुसार अमानतों के क्षेत्र में 5.16 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर एवं .ऋणों के क्षेत्र में 8.78 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर सामने आई है जो उत्साहवर्धक नहीं है। 31.03.2025 को 11 बैंकों का सी.डी. अनुपात 50 प्रतिशत से भी कम है।

समेकित स्थिति अग्रानुसार हैः–

| नाम मद | 31.03.2024 | 31.03.2025 | राशि में वृद्धि | वृद्धि प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|
| अमानतें | 8487.64 | 8925.99 | 438.35 | 5.16 |
| ऋण व्यवसाय | 4783.51 | 5203.70 | 420.19 | 8.78 |
| व्यवसाय | 13271.15 | 14129.69 | 858.54 | 6.46 |
| सकल लाभ | 126.76 | 125.08 | (–)1.68 | (–)1.32 |
| शुद्ध लाभ | 78.30 | 88.14 | 9.84 | 12.56 |

उपरोक्त स्थिति हम सभी को समग्र रूप से सुदृढ़ रणनीति बनाने की आवश्यकता

# ''फैडरेशन के माननीय सदस्य''

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रेल, 2025 के अंक से राज्य के अरबन बैंकों के अध्यक्षों का प्रोफाईल विवरण ''फैडरेशन के माननीय सदस्य'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इस अंक में श्री जिनेन्द्र जैन, माननीय अध्यक्ष, पाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का प्रोफाईल विवरण प्रस्तुत है।



## श्री जिनेन्द्र जैन

### माननीय बैंक अध्यक्ष, पाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | श्री जिनेन्द्र जैन |
| 2 | पिता का नाम | श्री जौहरी लाल जैन |
| 3 | निवास | 86, बापूनगर, पाली |
| 4 | वाट्सएप मोबाईल नंबर<br>अन्य मोबाईल नंबर | 9414122927<br>9079864479 |
| 5 | फोन नंबर कार्यालय एवं निवास | 02932–222927 |
| 6 | ईमेल – कार्यालय एवं व्यक्तिगत | parassanitaryandpipe@gmail.com |
| 7 | शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता | एम.ए. |
| 8 | व्यवसाय | सैनिटरी पाईप |
| 9 | जन्मतिथि | 19.03.1965 |
| 10 | अरबन बैंक से जुड़ाव कब से है | 1990 से |
| 11 | सामाजिक गतिविधियां | सचिव, रेडक्रोस सोसायटी, पाली<br>संचालक, जे.के.सी.टी. |
| 12 | अन्य उपलब्धियां | Past Zone President JCJ India<br>Non Coordiral JCJ India |

## —: श्री सतीश मराठे द्वारा राज्य के अरबन बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा :—



भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक श्री सतीश मराठे दो दिवसीय जयपुर प्रवास पर थे। दिनांक 10 अप्रेल, 2025 को दि राजस्थान अरबन को—ऑपरेटिव बैंक, जयपुर के प्रधान कार्यालय में श्री के.के.टॉक, अध्यक्ष दि राजस्थान अरबन को—ऑपरेटिव बैंक के सौजन्य एवं प्रयासों से जयपुर एवं निकटवर्ती जिलों के अरबन बैंकों के अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचर्चा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री मराठे के बैंक भवन पहुंचने पर ढोल—नंगाड़ों के साथ पुष्पमाल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। परिचर्चा में श्री मराठे के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री राम प्रसाद जी, सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय पाचपौर, सहकार भारती के प्रदेश संगठन प्रमुख श्री प्रदीप चौबीसा, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री इन्द्रेश जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रारंभ में श्री के.के.टॉक एवं श्री लीला पुरषोत्तम द्वारा सभी आगन्तुकों का साफा पहना कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम में एम. एल. शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान फैडरेशन ने राज्य के अरबन को—ऑपरेटिव बैंकों के समक्ष आ रही समस्याओं, विशेषकर राज्य के 2 बैंकों में लम्बे समय से कार्यरत प्रशासकों की बजाय निर्वाचित संचालक मंडल के चुनाव कराकर प्रजातांत्रिक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु श्री मराठे का ध्यान आकर्षित किया गया। साथ ही सहकार भारती / राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय सदस्यों से भी इस बाबत निवेदन किया गया कि वे राज्य सरकार को इस अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहाल करावें।

श्री टॉक के साथ बैंक के उपाध्यक्ष एवं दौसा बैंक के अध्यक्ष श्री कृष्णावतार शर्मा, सीकर बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रदीप जोशी, श्री लीला पुरषोत्तम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान बैंक, मोहम्मद इकबाल खां, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजलक्ष्मी महिला अरबन बैंक श्री सत्येन्द्र जवेरिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दौसा अरबन बैंक, श्री डी.एस.नरूला, महाप्रबंधक, राजस्थान अरबन बैंकएवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी परिचर्चा के दौरान उपस्थित रहे।

श्री मराठे ने अरबन बैंकों में नये सदस्यों को जोड़ने, हिस्सा पूंजी में वृद्धि करने, साख—अमानत अनुपात में वृद्धि के प्रयासों के साथ—साथ नवीन तकनीक अपनाये जाने पर बल दिया एवं यह स्पष्ट किया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के चार स्तरीय वर्गीकरण के अनुसार तकनीकी क्षेत्र में कदम उठाने अनिवार्य हैं, इसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ऋणों की सीमा में वृद्धि, प्राथमिकता क्षेत्र के नियमों में छूट के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान में एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में ऋण वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं जिसका बैंकों को दोहन किया जाना चाहिये।

फैडरेशन की ओर से श्री एम.एल. शर्मा मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया एवं श्री मराठे साहब को समय निकाल कर पधारने के लिये उनका आभार व्यक्त किया गया। राजस्थान अरबन बैंक के स्टाफ द्वारा सुन्दर व्यवस्थाएं करने के लिये श्री शर्मा ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आमजन के लिये प्याऊ लगाई

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत झालावाड़ नागरिक सहकारी बैंक द्वारा ग्रीष्म ऋतु में राहत प्रदान करने के लिये सार्वजनिक जलमंदिर का शुभारंभ 8 अप्रेल को बैंक अध्यक्ष श्री जे.के.अरोड़ा द्वारा किया गया। जनहित कार्य के लिये साधुवाद।





## स्थापना दिवस/ बैंक कार्य प्रांरभ दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

- बारां नागरिक सहकारी बैंक – 4 अप्रेल, 2025 को 66वां शुभारंभ दिवस
- फिनग्रोथ को–ऑपरेटिव बैंक – 15 अप्रेल, 2025 को 66वां स्थापना दिवस
- भरतपुर अरबन को–ऑप. बैंक लि. – 4 अप्रेल, 2025 को 33वां स्थापना दिवस
- ब्यावर अरबन को–ऑपरेटिव बैक –20 अप्रेल, 2025 को 33वां स्थापना दिवस

## पाली अरबन बैंक की जैतारण शाखा नये भवन में स्थानांतरित

पाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की जैतारण शाखा जो बस स्टैंड, निमाज रोड पर थी, उसे 30 अप्रेल, 2025 को नये शाखा भवन हनुमान मंदिर के पास, जैतारण, तहसील जैतारण जिला ब्यावर (राजस्थान) में स्थानांतरित करने के शुभ अवसर पर बैंक अध्यक्ष श्री जिनेन्द्र जैन, समस्त संचालकों, अंशधारियों एवं स्टाफ को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## RBI reduced Repo Rate by 0.25 Per cent

The Monetary Policy Committee (MPC) of RBI, at its meeting dated April 7 to 9, 2025, decided to reduce the policy repo rate by 25 basis points to 6.00 per cent with immediate effect. Consequently, the standing deposit facility (SDF) rate under the liquidity adjustment facility (LAF) shall stand adjusted to 5.75 per cent and the marginal standing facility (MSF) rate and the Bank Rate to 6.25 per cent.

This decision is in consonance with the objective of achieving the medium-term target for consumer price index (CPI) inflation of 4 per cent within a band of +/- 2 per cent, while supporting growth.

## सहकारी बैंक गठित कर सकते हैं ''प्रतिनिधि साधारण निकाय''

कई बैंकों द्वारा उनके उप–नियमों में संशोधन हेतु साधारण सभा में प्रस्ताव पारित किये जाते हैं तथा सहकारी अधिनियम एवं नियमों के अनुरूप संबंधित उप–रजिस्ट्रार को संशोधन रजिस्टर्ड करने के लिये प्रेषित किये जाते हैं, परंतु ऐसे प्रस्ताव रजिस्टर्ड नहीं किये जाते हैं जिसका मुख्य कारण विशेष संकल्प के प्रस्ताव का नहीं लिया जाना है।

राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम की धारा 10 एवं 11 उप–नियमों में संशोधन बाबत है जिसमें नियम 11 उप–नियमों में संशोधन से संबंधित प्रकिया बाबत है जिसके अनुसार कार्यवाही की जानी होती है।

अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों में सदस्यों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण विशेष संकल्प का पारित किया जाना कठिन होता है, अतएव ऐसे बैंकों के स्तर पर प्रतिनिधि साधारण निकाय के गठन की सुविधा राजस्थान सहकारी सोसाइटी नियम की धारा 29 में दी गई है।

## UCBs, in India have shown signs of steady growth in the financial year 2023–24,

The Urban Co-operative Banks (UCBs) in India have shown signs of steady growth in the financial year 2023–24, with their combined balance sheet expanding by 4.04%, according to the latest data released by the Reserve Bank of India.

The total assets and liabilities of UCBs stood at Rs 7,07,669 crore as of March 31, 2024, compared to Rs 6,80,197 crore in the previous fiscal year. One of the key contributors to this growth has been the sharp rise in reserves and surplus, which grew by 13.45% year-on-year. This significant increase—from Rs 48,245 crore to Rs 54,732 crore—indicates improved profitability and a greater focus on internal capital generation among UCBs.

Deposits, the cornerstone of UCB funding, also saw healthy growth of 4.12%, reaching Rs 5,55,469 crore. This stability in deposit mobilisation reflects the trust that urban and semi-urban populations continue to place in cooperative banks.

# नागरिक बैंक ने ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया : राजपुरोहित

## नागरिक सहकारी बैंक का उत्कर्ष सम्मान समारोह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक की ओर से आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह उत्कर्ष का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के सम्मानित ग्राहकों तथा वित्तीय वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य संपादित करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष भारतीयों की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए सभी दिवंगत आत्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक राजपुरोहित ने कहा कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक ने उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई है और ग्राहकों में विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने स्टाफ भर्ती तथा बैंक का कार्य क्षेत्र बढ़ाए जाने संबंधित मुद्दों पर बैंक प्रबंधन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से बैंक लगातार 20 प्रतिशत की व्यवसाय वृद्धि कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 127 करोड़ की व्यवसाय वृद्धि की है तथा बैंक का कुल व्यवसाय 750 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। बैंक का एकल लाभ 10 करोड रुपए से ऊपर तथा शुद्ध एपीए शून्य है। उन्होंने बताया कि आगामी महीनों में बैंक द्वारा बालोतरा और सुमेरपुर में भी शाखाएं खोली जाएगी। बैंक की जालोर, सिरोही, पाली, बालोतरा और बाड़मेर जिलों में कुल 20 शाखाएं हो जाएगी। कार्यक्रम में बैंक उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे ने कार्मिकों का आह्वान किया कि सभी कार्मिक अपनी पूर्ण निष्ठा, लगन व समर्पण से कार्य करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रगति के लिए कृत संकल्प रहे।






### हर शाखा के दो ग्राहकों को किया सम्मानित

बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानंद भट्ट ने बताया कि सम्मान समारोह में प्रत्येक शाखा के दो ग्राहकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में जाने-माने मोटिवेशनल स्पीकर दीपक पंड्या ने साथ-साथ निरंतर आगे बढ़ने के कई टिप्स भी दिए और उदबोधन से नए जोश का संचार किया। इस अवसर पर राजस्थान अर्बन बैंक फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एमएल शर्मा ने अर्बन बैंक को लेकर आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की। बैंक महाप्रबंधक पीआर प्रजापत ने पीपीटी प्रजेंटेशन कर बैंक की व्यवसाय वृद्धि के आंकड़े प्रस्तुत किए और कैलाश सुथार ने साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैंक संचालक हेमताराम प्रजापत, मोहनलाल परमार व हरीश माहेश्वरी ने भी अपना संबोधन दिया। सम्मान समारोह उत्कर्ष में बैंक के सम्मानित ग्राहकों, कार्मिकों व संचालक मंडल के सदस्य दिनेश परमार, कांतिलाल भंडारी, हरीश महेश्वरी और मोहम्मद इंसाफ बेग सहित बैंक के अधिकारी कार्मिकों ने व्यापक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु दवे तथा मनीषा माली ने किया।

# पाली अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की जैतारण शाखा का नये भवन का उद्घाटन

**( मरूनाद न्यूज )**

**जैतारण, 30 अप्रैल।** बैंक के प्रबंध संचालक फतेहसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पाली अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की जैतारण शाखा जो वर्तमान में बस स्टेण्ड, निमाज रोड़, जैतारण में स्थित है जिसे बुधवार को नये शाखा भवन हनुमान मंदिर के पास, जैतारण, तहसील जैतारण, जिला ब्यावर (राज.) पर माननीय बैंक सदस्यों एवं गणमान्य ग्राहकों व अतिथियों की उपस्थिति में स्थानान्तरित कर दी गई है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत, एवं समारोह की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन द्वारा फीता काटकर की गया। इस मौके पर बैंक उपाध्यक्ष दामोदर शर्मा, अध्यक्ष प्रबंधन समिति कैलाशचंद टवाणी, प्रवीण धारीवाल, कैलाशचंद अखावत, हीरालाल पंवार, मीरा गुप्ता, रितु मेहता, शांतिलाल जैन, एवं प्रबंधन समिति सदस्य प्रदीप डागा, बैंक महाप्रबन्धक कमलेश कुमार अरोड़ा, घनेश भटनागर, अशोक कुमार ओझा, भीवराज सांखला, जैतारण शाखा प्रबंधक मानसिंह मीणा एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही समारोह में मेधाराम, महावीर लोढ़ा, ओम कालानी, भैणाराम, विनोद बोहरा भी उपस्थित थें। बैंक अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने अवगत कराया कि बैंक की जैतारण शाखा पिछले 25 वर्षो से बस स्टेण्ड, निमाज रोड़, जैतारण पर स्थित थी जिसका वर्तमान बदलते बैंकिग गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए व्यवसाय वृद्धि हेतु नियमानुसार स्थानांतरित किया गया उक्त शाखा वर्तमान में पूर्णतया कम्प्यूटराईज्ड, वातानुकूलित व नवीनतम तकनीक से सुसज्जित है।



# हनुमान चालीसा पाठ से अर्पित किए पहलगाम दिवंगतों को श्रद्धासुमन

**अर्बन बैंक व जनचेतना मंच संस्थापक डॉ सेठिया का भी मनाया जन्मदिन**

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, चित्तौड़गढ़**

चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और जनचेतना मंच राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सरकार सेना और समाज में चेतना का संचार करने और पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना को लेकर दिवंगतो को श्रद्धा सुमन अर्पित करने और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना को लेकर पंडित जनार्दन राय शर्मा और टीम के भावपूर्ण हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र और नवकार मंत्र पाठ से प्रभु स्मरण किया और दोनो संस्थाओं के संस्थापक डा आई एम सेठिया का जन्मदिन भी मनाया। जनचेतना मंच के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत शर्मा और अर्बन बैंक प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी के अनुसार बैंक उपाध्यक्ष शिव नारायण मानधना, निदेशक दिनेश सिसोदिया, रणजीत सिंह नाहर,बाबर मल मीणा,बाल किशन धूत, सीए दिलीप सेठिया डाद, निलेश सेठिया, पूर्व निदेशक बी के डाद, चांद मल मंडावत, मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ऋषभ सुराणा,प्रांतीय महामंत्री श्रीकांत शर्मा,नगर अध्यक्ष राधेश्याम लड्ढा ,श्रमण संघ अध्यक्ष किरण डांगी,पूर्व महामंत्री गणपत डागलिया दिवाकर संगठन समिति के मुकेश नाहटा,राजेश सेठिया राकेश सेठिया और एडवोकेट विनय मारू,शिक्षाविद डा विनय शर्मा, बंशीधर कुमावत, आशीष दशोरा,दीपक मिश्रा, पंकज नागर,नंदकिशोर निर्झर व ज्ञानमाला जैन, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष नवीन बड़िया डा दिनेश कठिड़,अर्बन बैंक पूर्व अध्यक्षा विमला सेठिया,महावीर इंटरनेशनल देशना अध्यक्ष सुनीता सिसोदिया, महावीर मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष संपत डांगी समाजसेवी रविकांत राय,अनिल नाहर,राजेश शर्मा ,मोहन वजीरानी अर्बन बैंक के महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल, प्रबंधक प्रशासन जे पी जोशी प्रबंधक राजेश अवस्थी, अजय सिंह राठौर दामोदर चेचानी,मनीष पराशर,सरदार जोगेंद्र सिंह डाडा सत्य नारायण चेचानी सत्य नारायण इनानी आदि के सानिध्य में डा सेठिया को शाल माला स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन कर 65 वर्ष पूर्ण होने पर जन्मदिन मनाया गया और शुभकामनाएं अर्पित की। संचालन वंदना वजीरानी ने किया और धन्यवाद श्रीकांत शर्मा ने अर्पित किए। शांति लाल सेठिया दिवाकर महिला परिषद अध्यक्ष संगीता चिप्पड़ मंत्री स्मिता तलावत समाजसेवी नवरतन मेहता अभिषेक टेलर सीए अनिल तलावत भी उपस्थित थे।



# बारां नागरिक बैंक के चेयरमैन व महाप्रबंधक सहित सभी संचालकों, अधिकारियों -कर्मचारियो ने पहलगाम घटना को निंदनीय बताया,,,,,, मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

**रोजाना टाइम्स**

**राजेंद्र शर्मा बारां।** बारां नागरिक सहकारी बैंक लि०, के प्रधान कार्यालय में पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर किये गये कायराना व बर्बर हमलें में मारे गये लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रृद्धान्जली अर्पित की गई।

इस अवसर पर बैंक के चेयरमैन हरगोविन्द जैन ने कहा कि घाटी में लौट रही शान्ती से आतंकी संगठन बुरी तरह बौखलाये हुए है। इसी लिए उन्होंने एक बार फिर से घाटी को रक्त रंजित करके भय का वातावरण बनाने की कोशिश की है। बैंक संचालक मंडल द्वारा इस हमले की कडे शब्दों में निन्दा की गई तथा भारत सरकार से आतंकियों के स्थानीय मददगारों, उनको पनाह देने वाले देश के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग करता है। ताकि दुबारा हमला करने से पहले आतंकी सौ बार सोचें। उन्होंनें कहा कि अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों का जोश हाई है। लोग आतंकियों की कायराना हरकत से डरने वाले नहीं है। अन्त में दो मिनट का मौन रखकर पर्यटकों को श्रृद्धान्जली दी गई। इस अवसर पर चेयरमैन हरगोविन्द जैन, वाईस चेयरमैन पीयूष कुमार विजय, संचालक अश्विनी बंसल, निशान्त तिवारी, प्रदीप जैन, सीमा शर्मा, तारा अग्रवाल, सुनील कुमार टक्कर, नन्दकिशोर यादव, अखिल नामा, पियुष जैन, बालमुकुन्द मीणा, हर्षित बंसल (सी.ए.) राजेन्द्र कुमार गुप्ता एवं बोर्ड ऑफ मैनेजमेन्ट के संचालक ललित कुमार नागर (एडवोकेट), ऋषभ गालव (सी.ए.), हरिओम प्रधान, मनोज कुमार शर्मा, एवं बैंक महाप्रबन्धक रामस्वरूप मीणा एवं शाखाओं का स्टॉफ उपस्थित रहा।



**दी राज लक्ष्मी महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक**



## पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना में मृतकों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

फैडरेशन के संचालक मंडल की बैठक दिनांक 23 अप्रेल, 2025 में लिये गये निर्णय के क्रम में 22 अप्रेल, 2025 को पहलगाम (जम्मू–कश्मीर) में आतंकवादियों द्वारा हमला कर देश के 26 लोगों की निर्मम हत्या की गई उससे हम सबको बहुत दुख हुआ है। राज्य के ''अरबन बैंकिंग सेक्टर'' द्वारा भी इसकी भर्त्सना की गई। राज्य फैडरेशन कार्यालय, अरबन बैंकों के प्रधान कार्यालय एवं शाखाओं में शोक संदश के बैनर लगवाये गये। 24 अप्रेल, 2025 को पूरे राज्य में एक साथ लंच समय में बैंकों के प्रधान कार्यालय एवं शाखाओं के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मृतकों को उनकी आत्मा की शांति के लिये शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


























# सादुलपुर में बैंककर्मियों के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दी

सादुलपुर. बैंक में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देते बैंककर्मी।

सादुलपुर | राजस्थान अरबन को-ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को जिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में श्रद्धांजलि सभा हुई। बैंक चेयरमैन राहुल पारीक व स्टाफ सदस्यों ने पहलगाम हमले के मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। चेयरमैन राहुल पारीक ने कहा कि यह हरकत देश की अखंडता, अस्मिता को नष्ट करने का असफल दुस्साहस है।











# The Rajasthan Urban Cooperative Banks' Federation Ltd., Jaipur

## Computer Education

## Microsoft Word commands which are available on Ribbon.




**When opening MS Word we see this picture which is called Ribbon**

By using the commands, available on this, we do our work. We are giving uses of important and useful commands available on this Ribbon.

At the left of the Top we see a small picture of file menu. Functions are as below:-



### File Menu/Office button

- New : For creating new blank document file.
- Open : For opening existing/saved document file which is already created.
- Save : To save a document file with desired name, location etc. To save the changes, addition, alteration, etc. done by us in the file. .
- Save as : To make copy the existing document file with different name/location/ or extension. In this case orginal file exists at its original place and copy can be saved at desired other place.
- Print : To print the document file. To see the print preview also.

### Home Tab:

On the top left of the ribbon, we see a button "Home" Under this there are various buttons, by clicking them we get following results:-

-  : **Bold:** For doing Bold/ thick the selected matter available on page.
-  : **Italic:** For making the selected matter in italic styled available on page.
-  : **Underline:** To underline the selected matter available on page.
-  : **Fonts:** to change fonts of desired matter available on page.
-  : **Fonts size:** to change size of desired matter available on page.
-  : Left align: to align desired matter from left side.
-  : Centre align: to align desired matter available on page in centre.
-  : Right align: to align right side the desired matter from.

- : Justify align, to align desired matter from both sides.
- : Numbering: to start numbers before new line.
- : Bullets: to show bullets before new line.
- : Background color: To change the background color of matter.
- : Font color: to change the font color of selected matter available on page.
- : Grow font: to increase Font size of selected matter available on page.
- : Shrink font: to decrease Font size of selected matter available on page.
- : Strikethrough: to show incorrectness of the selected matter.
- : Sort: Alphabetize the selected text or sort numerical data.
- : Line spacing: to increase/decrease space between lines.
- : Subscript: to do right text/number slightly below the line such as $H_2$
- : Superscript: to do right text/number slightly above the line such as $H^2$
- : Paragraph mark: to show/hide paragraph mark and other hidden Formatting.

---

**<u>Insert Tab:</u>** Next to "Home", we see a button "Insert" Under this there are various buttons, by clicking some of them we get following results:-

| | |
|---|---|
| Table | We can make a table with desired number of columns and rows. |
| Picture | Take picture from oher files available in computer |
| Shapes | To insert various shapes. |
| Header | To prepare Header in the file which is located in each page. |
| Footer | To prepare Footer in the file which is located in each page |
| Page Number | To give page numbers in the file. |
| Text Box | To insert text box on the page of the file. |
| Symbol | To insert symbles available in this. |

# दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## – माह अप्रेल, 2025 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां –

❖ 2 अप्रेल : फैडरेशन के वर्तमान उप–नियमों में वांछनीय संशोधन सुझाने हेतु गठित कमेटी के सदस्यों को फैडरेशन के उप–नियमों में प्रस्तावित संशोधनो की प्रति पत्र क्र. 01 दिनांक 02.04.2025 से अवलोकनार्थ भिजवाते हुए निवेदन किया गया कि यदि इनके अतिरिक्त भी कोई संशोधन वांछनीय हों तो अवगत करावें जिससे उन्हें भी सम्मिलित किया जा सके। इस क्रम में दिनांक 16.04.2025 को कमेटी के सदस्यों की ऑनलाईन मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में हुए निर्णयानुसार संचालक मंडल की बैठक दिनांक 23.04.2025 में संशोधन विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किये गये।

❖ 4 अप्रेल: अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों में सदस्यों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण बैंक के उप–नियमों में संशोधन हेतु विशेष संकल्प का पारित किया जाना कठिन होता है, अतएव फैडरेशन द्वारा सदस्य बैंकों को सुझावित किया गया कि बैंकों के स्तर पर राजस्थान सहकारी सोसाइटी नियम की धारा 29 में उल्लेखित प्रकिया के अनुसार बैंक में प्रतिनिधि साधारण निकाय के गठन की कार्यवाही की जावे।

❖ 7 अप्रेल: एकमुश्त ऋण राहत योजना–2019 की प्रगति से संबंधित 31 मार्च, 2025 तक की प्रगति का विवरण सदस्य बैंकों से प्राप्त करने हेतु पत्र द्वारा निवेदन किया गया। बैंकों के सुलभ संदर्भ हेतु पूर्व में प्राप्त 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति का स्टेटमेंट बैंकों को भिजवाते हुए कालम सं. 8, 9 व 10 की तातारीख प्रगति दर्शाने हेतु निवेदन किया गया।

❖ 9 अप्रेल: नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फाइनेंसियल डवलपमेंट कोरपोरेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) द्वारा अरबन बैंकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी सदस्य बैंकों को पत्र क्रमांक 10 दिनांक 09.04.2025 से देते हुए सुझावित किया गया कि जो बैंकें इच्छुक हों वे सीधे ही अथवा फैडरेशन के जरिये अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन से सम्पर्क कर सकते हैं। यदि राज्य के बैंक चाहेंगे तो एक मीटिंग आयोजित कर विस्तृत चर्चा की जा सकती है।

❖ 10 अप्रेल: भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशक श्री सतीश मराठे के दो दिवसीय जयपुर प्रवास के दौरान 10 अप्रेल, 2025 को दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, जयपुर के प्रधान कार्यालय में श्री के.के.टॉक, अध्यक्ष दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के सौजन्य एवं प्रयासों से जयपुर एवं निकटवर्ती जिलों के अरबन बैंकों के अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचर्चा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री एम. एल. शर्मा, ने राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के समक्ष आ रही समस्याओं, विशेषकर राज्य के 2 बैंकों में लम्बे समय से कार्यरत प्रशासकों की बजाय निर्वाचित संचालक मंडल के चुनाव कराकर प्रजातांत्रिक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु श्री मराठे का ध्यान आकर्षित किया गया।

❖ 11 अप्रेलः वर्ष 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मनाये जाने के साथ–साथ श्री अमित शाह, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री की अभिलाषा के अनुरूप सदस्य अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों को पत्र क्रमांक 15 दिनांक 11.04.2025 से सुझावित किया गया कि वे दि राजस्थान स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक एवं जिलों में कार्यरत केन्द्रीय सहकारी बैंकों में खुले हुए चालू खातों को पुनः परिचालन में लायें एवं अरबन बैंकों की मांग व आवश्यकता के बारे में केन्द्रीय सहकारी बैंकों के अधिकारियों से परिचर्चा करें एवं भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गनिर्देशों एवं एक्सपोजर लिमिट के नियमों के अनुरूप अतिरिक्त राशि विनियोजित करें। अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक महोदय ने यह आश्वस्त किया है कि इन बैंकों द्वारा आरटीजीएस, एनईएफटी आदि सुविधाएं राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों को भी उपलब्ध करवाई जावेंगी। अतएव आप कृपया इस पर विचार करें एवं सहकारी तंत्र की राशि सहकारिता क्षेत्र में ही रहे, इस मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लें। यह भी सुझाव दिया गया कि प्रारंभ में धीरे–धीरे कुछ सुविधाओं का उपयोग करें एवं यदि आवश्यकता के अनुरूप सेवाएं प्राप्त नहीं हों तो सहकारी विभाग, अपेक्स बैंक एवं फैडरेशन को अवगत करावें।

❖ 23 अप्रेलः फैडरेशन के संचालक मंडल की बैठक फैडरेशन कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में अंतिम लेखों का अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2024–25 के आय–व्यय का अवलोकन कर वर्ष 2025–26 का बजट स्वीकृत किया गया। फैडरेशन द्वारा दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की सदस्यता ग्रहण करने का भी निर्णय लिया गया। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को ध्यान में रखते हुए अग्रलिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गयाः–

1. अध्यक्ष महोदय का यह सुझाव रहा कि फैडरेशन के स्तर पर सभी बैंकों के लिये एकसमान बैज/ब्रोंच/पिन का नमूना तैयार किया जावे जिसे सभी बैंक उनकी आवश्यकता के अनुरूप अपने स्तर पर तैयार करवाकर सदस्यों को वितरित करें।
2. प्रत्येक बैंक उनकी शाखाओं / प्रधान कार्यालय स्तर पर ग्राहक संगोष्ठिया आयोजित करें।
3. बैंकों के स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जावें।
4. राजकीय पाठशालाओं के अध्यापकगण, विद्यार्थी एवं उनके परिवार बैंकों के लिये सम्भावित अमानतदाता हो सकते हैं, साथ ही उनकी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ये बैंक के सम्भावित ऋणी भी हो सकते हैं। इसके लिये वांछित है कि बैंक कार्मिकों द्वारा क्षेत्र में स्थित स्कूलों में विजिट कर उनके अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के खाते बैंक में खुलवाने के प्रयास किये जावें।
5. राजकीय पाठशालाओं में "गर्ल्स टायलेट" का निर्माण करवाना प्रचार–प्रसार का माध्यम हो सकता है, अतएव बैंक गत वर्ष के लाभ एवं बजटानुसार राशि पाठशाला प्रशासन को वित्तीय सहयोग के रूप मे प्रदान करे। इनके रख–रखाव की जिम्मेदारी पाठशाला प्रशासन की होगी।
6. फैडरेशन स्तर पर विदेश में सहकारी आंदोलन के अध्ययन का कार्यक्रम भी बनाया जावे।
7. अमानत वृद्धि अभियानों में "म्हारो खातो–म्हारो बैंक" के नारे का सम्मिलित किया जावे।
8. वर्ष 2024–25 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों/अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जावे।

यह भी निर्णय रहा कि बैंकों को पुनः स्मरण कराया जाये कि बैंकों द्वारा जारी होने वाले पत्रों, परिपत्रों, वर्ष भर में आयोजित सभी कार्यक्रमों एवं बैनर्स पर अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का नाम व लोगो जरूर मुद्रित करवायें। साथ ही बैंकों से भी इस बाबत सुझाव आमंत्रित किये जावें।

बैठक में 22 अप्रेल, मंगलवार को पहलगाम (जम्मू–कश्मीर) में आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला कर देश के 26 लोगों की निर्मम हत्या करके जो आतंकवाद फैलाने का प्रयास किया है, उस पर बैठक में गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस घटना की भर्त्सना की गई तथा मृतकों की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- 24 अप्रेलः फैडरेशन द्वारा संचालक मंडल की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार जम्मूकश्मीर की घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिये फैडरेशन स्टाफ एवं राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के कार्यालयों में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिये मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया।

- 27 अप्रेलः जालौर बैंक द्वारा वतन रिसोर्ट में बैंक के अमानतदारों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का एक महासम्मेलन "उत्कर्ष" आयोजित किया गया जिसमें फैडरेशन की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी भागीदारी निभाई। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री छगन सिंह राजपुरोहित, विधायक आहोर थे। प्रारंभ में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम की घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिये शोक सभा आयोजित की गई। तत्पश्चात् दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष महोदय के उद्बोधन पश्चात् मुख्य अतिथि महोदय ने सारगर्भित उद्बोधन दिया एवं बैंक द्वारा की गई प्रगति की सराहना की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे समय–समय पर बैंकों के समक्ष आ रही कठिनाईयों को पुरजोर तरीके से उठायेंगे। इस एक दिवसीय समारोह में श्री दीपक पंड्या द्वारा दिया गया प्रेरणात्मक उद्बोधन भी विशेष सराहनीय रहा। समारोह में जालौर बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे तथा अन्य संचालक भी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में मंचासीन अतिथियों द्वारा बैंक कार्मिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

- 30 अप्रेलः मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर की विजिट की गई एवं निदेशक डॉ. आर.के.शर्मा से अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के कार्मिकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही डॉ, राम चतुर्वेदी संकाय सदस्य से 5 से 7 मई, 2025 को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषयवस्तु, व्याख्यान प्रदाता आदि पर चर्चा की गई जिससे कार्यक्रम अधिक से अधिक उपयोगी व सार्थक हो सके।

———————